# GOVT. NAVIN COLLEGE BERLA

## ASSIGNMENT - 2019 - 2020

## FINANCIAL - ACCOUNTING

TIME ALLOWED :- THREE HOURS  MAX. MARKS - 100

नोट :- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये। सभी प्रश्नों के अंक समान है।

### इकाई - 1

प्रश्न :[1] मि. अशोक एक फर्नीचर के व्यापारी हैं। उनकी पुस्तकों में लेखांकन समीकरण निम्नलिखित विवरणों से बनाइये जो कि वित्तीय वर्ष 2018-2019 से संबंधित हैं:

(i) उसने 3,00,000/ रु. रोकड़ एवं 2,00,000/ रु. के फर्नीचर से व्यापार प्रारम्भ किया।

(ii) उसने 2,80,000/ का फर्नीचर नकद क्रय किया।

(iii) उसने 2,00,000/ की लागत का फर्नीचर 3,10,000/- में नगद विक्रय किया।

(iv) उसने 20,000/ की लागत का फर्नीचर श्री मोहनलाल को 65,000/ में उधार बेचा।

(v) उसने विद्युत व्यय के 1500/ रु. तथा दूरभाष बिल के व्यय 4800/ रु. का नगद भुगतान किया।

(vi) उसने बैंक से 2,50,000/ का ऋण लिया।

(vii) उसने नगद में 46,000/ रु. का आहरण किया।

(viii) उसने 15,000/ की मजदूरी नगद भुगतान किया।

(ix) उसने 5,600/ रु. का गाड़ी - भाड़ा भुगतान किया।

(x) उसने दुकान किराये के रूप में 10,000/ का भुगतान धनादेश द्वारा किया।

[प्रत्येक 05 अंक]

अथवा

निम्नलिखित के मध्य अन्तर स्पष्ट कीजिये :

(i) पुस्तपालन एवं लेखांकन।

(ii) पूँजी व्यय एवं आगम व्यय।

(iii) पंजी एवं प्रपंजी।

(iv) तलपट एवं चिट्ठा।

## इकाई - 03

प्रश्न:-(2) अशुद्धियों के सुधार से आप क्या समझते हैं? एक पक्षीय व द्विपक्षीय अशुद्धियों तथा उनके सुधार को स्पष्ट रूप से समझाइये।

: अथवा :

ज्योति निर्माणी संस्थान द्वारा 31 मार्च 2018 को प्रस्तुत निम्नलिखित खाताबही के शेषों से (i) निर्माण खाता (2) व्यापारिक खाता, (iii) लाभ-हानि खाता बनाईये:

| विवरण | शेष - 01 अप्रैल 2017 (रु) | शेष - 01 अप्रैल 2018 (रु.) |
|---|---|---|
| कच्चा माल | 2600 | 2400 |
| अर्ध-निर्मित माल | 5700 | 2600 |
| निर्मित माल | 7100 | 8000 |
| अन्य-विवरण | | |
| कच्चे माल का क्रय | — | 22000 |
| निर्मित माल का क्रय | — | 14000 |
| कारखाना विद्युत शक्ति | — | 1600 |
| कार्यालय विद्युत व्यय | — | 1600 |
| कच्चे माल के क्रय पर बीमा प्रब्याजि | — | 500 |
| कार्यालय भवन पर बीमा व्यय | — | 1500 |
| निर्मित माल के क्रय पर वाहन व्यय | — | 400 |
| क्रय किये गये कच्चे माल वापसी | — | 2600 |
| निर्मित माल का विक्रय | — | 44000 |
| अर्ध-निर्मित माल का क्रय | — | 2000 |
| कर्मचारियों को वेतन | — | 1800 |
| उत्पादक मजदूरी | — | 1200 |
| अनुत्पादक मजदूरी | — | 700 |
| सामान्य व्यय | — | 1300 |
| कार्यालय फर्नीचर पर ह्रास | — | 300 |
| स्टेशनरी एवं डाक व्यय | — | 200 |
| कच्चे माल का विक्रय | — | 2500 |

Scanned with CamScanner

## इकाई - 03

प्रश्न:[03] एक निर्माणक फर्म ने 01 अप्रेल 2010 को 19,400/रु में एक मशीन खरीदी और उसके लगाने पर 600/रु व्यय किये। उसी वर्ष 01 अक्टूबर को 10,000/ की अतिरिक्त मशीन क्रय की गई। 01 अक्टूबर 2012 को वह मशीन बेकार हो गई जो 1 अप्रेल 2010 को क्रय की गई थी और इसे 8,000/ रु में नीलाम कर दिया गया। इसी तारीख पर एक नई मशीन 15,000/ की लागत पर क्रय की गई। ह्रास 10% प्रति वर्ष की दर से संपत्ति की मूल लागत पर निकाला जाता है। वर्ष 2013-14 में फर्म ने इस विधि को बदल दिया और 15% प्रतिवर्ष की दर से क्रमागत ह्रास पद्धति से ह्रास काटना शुरू किया।

वर्ष 2010-2011 से 2014-2015 तक की अवधि के लिये मशीन खाता बनाइये। गणना निकटतम रुपये तक कीजिये। खाते प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद किये जाते हैं।

:-अथवा:- प्रत्येक 10 अंक

निम्न में अंतर स्पष्ट करें :-

[अ] प्राप्ति - भुगतान खाता एवं आय - व्यय खाता,

[ब] प्राप्ति - भुगतान खाता एवं रोकड़ - बही।

## इकाई - 04

प्रश्न:[04] 01 अप्रेल 2013 को बी. एस. कोल कंपनी किराया - क्रय पद्धति पर वैगनों को प्राप्त करती है। उसने वैगनों का नगद मूल्य - 11,50,000/ रु है। उसने 1,50,000/ का तुरन्त भुगतान कर दिया गया और शेष 2,00,000/ रु. प्रतिवर्ष की पाँच वार्षिक किश्तों में 5% वार्षिक ब्याज के साथ दिया जाना है। बी. एस. कोल कम्पनी क्रमागत शेष पद्धति पर 10% वार्षिक ह्रास लगाती है। कंपनी की पुस्तकों में आवश्यक खाते खोलिये। गणना निकटतम रुपयों तक कीजिये।

अथवा:-

शाखा खाता का क्या आशय है? शाखाएँ कितने प्रकार की होती है? इनमें लेखा करने के क्या नियम हैं?

## इकाई - 05

प्रश्न-(05) एक फर्म की निम्नलिखित सूचनाओं से साझेदारों के पूंजी खाते तैयार कीजिये:-

(i) जब पूंजी स्थायी है।

(ii) जब पूंजी परिवर्तनशील है।

| विवरण | अमित (रु.) | मोहित (रु.) | रोहित (रु.) |
|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक पूंजी [जमाकलन शेष] | 45,000 | 65,000 | 75,000 |
| अतिरिक्त पूंजी | 8000 | — | — |
| आहरित पूंजी | — | 3000 | 5,000 |
| पूंजी पर ब्याज | 2450 | 3,325 | — |
| कमीशन | — | 4,500 | — |
| साझेदारों का आहरण | 20,000 | 15,000 | 10,000 |
| आहरण पर ब्याज | 600 | 450 | 300 |
| लाभ का हिस्सा | 20,000 | 40,000 | 60,000 |

: अथवा :

साझेदारी फर्म के विघटन से क्या आशय है? विघटन पर की जाने वाली आवश्यक पूंजी (जर्नल) प्रविष्टियाँ दीजिये।

Scanned with CamScanner